हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 16 जून 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



**खबर संक्षेप**



## अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से जुड़ी अलग-अलग तस्वीरों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। जहां एक तरफ पूरा देश मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट कर रहा है। वहीं सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में गत दिनों वाहन चालक मानक सामाजिक संघ के पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वाहन मालिक और वाहन चालकों ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में दिवंगत यात्रियों की शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेश संगठन मंत्री रोशन राव सहित संघ के सभी वाहन चालक शामिल थे।

## बृजमोहन ने कहा-सड़क पर ड्रामा करने से सच्चाई नहीं बदलेगी

**रायपुर।** कांग्रेस नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी की चल रही



कार्रवाई को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, जो जैसा करेगा, वैसा भरेगा। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में छत्तीसगढ़ को लूटने, भ्रष्टाचार फैलाने और जनता के अधिकारों का हनन करने का कार्य किया, जिसकी जांच अब ईडी कर रही है। श्री अग्रवाल ने कांग्रेस द्वारा कार्रवाई के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शनों पर कहा, ईडी एक स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी है, जो कानून के दायरे में रहकर जांच कर रही है। यदि कांग्रेस को लगता है कि जांच में कोई त्रुटि है, तो उनके लिए न्यायालय का दरवाजा हमेशा खुला है। उन्हें कोर्ट जाना चाहिए, सड़क पर ड्रामा करने से सच्चाई नहीं बदलेगी। श्री अग्रवाल ने कहा, भ्रष्टाचार के विरुद्ध भाजपा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी बड़ा चेहरा क्यों न हो।

# पांचवीं व आठवी बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए छात्रों को अब तक नहीं मिली अंक सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

आज से एक बार फिर स्कूल की घंटियां बजने लगेंगी। सरकारी समेत निजी विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है।.इसके लिए सरकार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। इस बार ज्यादा से ज्यादा एडमिशन हो, इसे लेकर लगातार प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा है कि शिक्षा में जन आंदोलन हो। ताकि, ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्कूल पहुंचे। इस बार नीले रंग की चेक प्रिंट वाली शर्ट और स्लेटी रंग की पैंट में छत्तीसगढ़ का होनहार दिखेंगे। विष्णदेव साय सरकार ने बच्चों की ड्रेस कोड भी चेंज की है। साथ ही युक्तियुक्तकरण के बाद वैसे स्कूलों में शिक्षकों की संख्या भी बढ़ी है, जहां पर सिर्फ एक शिक्षक विद्यालय में पढ़ाया करते थे। वही वित्तीय वर्ष 2024-25 में पाचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों को अभी तक अंक सूची प्राप्त नहीं हुई है। कई विद्यार्थी अंकसूची और टीसी लेकर अन्य स्कूलों में दाखिला लेना चाहते हैं, लेकिन अंकसूची के अभाव में वे किसी भी मनचाहे स्कूल में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। जबकि, 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने को है। इसके अलावा अभी तक स्कूलों में पहली से लेकर आठवीं तक दिए जाने वाले निःशुल्क पुस्तक भी नहीं पहुंची है। इस तरह बिना तैयारी के 16 जून से स्कूल खुलेंगे। बता दें कि कक्षा पांचवीं की परीक्षा 17 से 27 मार्च एवं आठवी की परीक्षा 18 से 3 अप्रैल के मध्य हुई थी। अभी तक विद्यार्थियों का ना तो संशोधित परीक्षा परिणाम घोषित किया गया और न ही उन्हें अंकसूची प्राप्त हुई है।

जानकारी अनुसार अप्रैल माह में रिजल्ट शीट तो जरूर स्कूलों में पहुंची थी, लेकिन विद्यार्थियों के अंक जोड़ने में मात्रात्मक त्रुटि होने के कारण संशोधित के लिए उन्हें भेजा गया था। जो अब तक स्कूलों में नहीं पहुंची है। जबकि, 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो रहा है।



विद्यार्थी स्कूल खुलने के पहले मनचाहे स्कूल में दाखिला के लिए अंक सूची लेने अपने विद्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन रिजल्ट नहीं आने व अंक सूची नहीं मिलने का बात कहते हुए पालकों को स्कूलों से शिक्षक लौटा रहे हैं। परीक्षा दिलाने के लगभग ढाई माह बाद भी विद्यार्थियों को अंक सूची नहीं मिलने से पालकों व विद्यार्थियों में शिक्षा विभाग के प्रति नाराजगी है। कुछ पालकों ने कहा कि बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे जारी हो चुके हैं। उसकी अंक सूची भी विद्यार्थियों को प्राप्त हो चुकी है। लेकिन, पांचवीं व आठवी बोर्ड परीक्षा की अंकसूची विद्यार्थियों को न मिलना शिक्षा विभाग की योर लापरवाही को दर्शाता है। जबकि, पांचवीं व आठ को उत्तर पुस्तिका जिले के ही अन्य ब्लॉकों में ही जांची गई है। जिसका रिजल्ट जारी करना, अंक सूची प्रदान करना 10वीं व 12वीं की अपेक्षा पहले जाना था, जो अब तक नहीं हो पाया है। पांचवीं व आठवीं की परीक्षा दिलाए, विद्यार्थियों को अभी तक यह नहीं मालूम कि उन्हें परीक्षा में कितने अंक प्राप्त हुए है। ना तो वे पास होने का खुशी मना पा रहे हैं और न ही कम नंबर पाने का गम। कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नाम एक जारी नहीं होने से पालकों में भी नाराजगी है कि उनके बच्चों का पढ़ाई स्तर किस तरह हैं। वे रिजल्ट के आधार पर स्कूल चयन को लेकर अंकसूची का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन स्कूल से उन्हें मायूस ही लौटना पड़ रहा है। शासकीय व निजी स्कूल के शिक्षक भी बिना अंकसूची के प्रवेश नहीं दे पा रहे हैं और न ही स्कूल खोलने के पहले अपने उच्च अधिकारियों को स्कूल में होने वाले दर्ज संख्या को बता पा रहे हैं।

### छठवीं में दाखिला नहीं ले पाए

ब्लॉक के अधिकांश गांवों में केवल पांचवीं तक तो कहीं-कहीं आठवी तक ही स्कूल संचालित है। पांचवीं कक्षा में अध्यनरत रहे विद्यार्थी बिना अंकसूची के अन्य स्कूलों में कक्षा छठवीं में नई शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पहले दाखिला नहीं ले पाए हैं। वे भला प्रवेश उत्सव कैसे मनाएंगे। इसी तरह की स्थिति आठवीं के विद्यार्थियों की भी है। कक्षा नवमी में प्रवेश लेने के लिए उन्हें अंक सूची की आवश्यकता है, लेकिन विद्यालय से अभी तक उन्हें अंक सूची पास नहीं हुई है तो वे अन्य स्कूलों में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं।

### अंकसूची पहुंच गई हैः बीइओ मांझी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश मांझी ने कहा कि अंकसूची पहुंच गई है। 16 जून से प्रधान पाठकों को प्रदान किया जाएगा। आगे कहा कि आठवीं तक के विद्यार्थियों का अभी तक पुस्तक नहीं पहुंची है। गणवेश को लेकर कहा कि एक सेट गणवेश प्राप्त हुआ है। विद्यार्थियों को एक सेट गणवेश पुनः दिया जाएगा।

## इंस्पायर अवार्डः पहली बार कक्षा 11वीं और बारहवीं के बच्चे भी कर सकेंगे पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से इस वर्ष स्कूली छात्रों में नवाचार प्रवृति को बढ़ावा देने के लिए 15 जून से 15 सितंबर तक इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए पंजीयन पोर्टल खोला है।

पिछले वर्ष तक इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए केवल कहे छठवीं से दसवीं के तक के विद्यार्थी ही पात्र माने जाते थे। इस वर्ष से विभाग ने इसका दायरा बढ़ाते हुए कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के किसी भी संकाय के विद्यार्थियों को भी पंजीयन के लिए पात्र माना है। प्रत्येक शासकीय एवं निजी विद्यालय को अपने अपने विद्यालय से पांच छात्रों के पांच यूनिक आइडिया को राष्ट्रीय नवप्रवर्तन संगठन के इंस्पायर अवार्ड पोर्टल में ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य है। चयनित यूनिक आइडिया को मॉडल बनाने के लिए चयनित छात्रों के बैंक खाते में 10 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाती है। प्रतिवर्ष इन्हीं में से 60 मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया जाता है।

इन चयनित छात्रों को उच्च शिक्षण संस्थाओं के वैज्ञानिकों का भी मार्गदर्शन प्राप्त होता है तथा उनके मॉडल को पेटेंट कराने के लिए सभी दिशा निर्देश प्रदान किए जाते हैं। जिले के सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि नीयत अंतिम तिथि के पूर्व ही अपने अपने विद्यालय का लक्ष्य पूरा कर लें।

# दृष्टिबाधित हिमांशु पढ़ाई के साथ-साथ तीन भाषाओं के गायन कला में भी दक्ष

## हिमांशु ने बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल से की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जगत निवासी 11 वर्षीय हिमांशु, जो जन्म से ही पूर्ण रूप से दृष्टिबाधित हैं, अपने अदम्य साहस और विलक्षण प्रतिभा से समाज के लिए प्रेरणा बनते जा रहे हैं। हिमांशु न केवल पढ़ाई में होनहार हैं, बल्कि मात्र 6 वर्ष की आयु से तीन भाषाओं में गायन करने में भी निपुण हैं।

हिमंशु ने विधायक संपत अग्रवाल को बताया कि पारिवारिक स्थिति सक्षम नहीं है। बीपीएल परिवार का सदस्य है। पिता नाई का काम करते हैं। पिता आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। व बाहर बागबाहरा में रहकर पढ़ाई करता है हाल ही में हिमांशु ने बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष, शिक्षा और अब तक की उपलब्धियों को साझा किया। हिमांशु की बातें सुनकर विधायक डॉ. अग्रवाल ने उनकी सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



### विलक्षण प्रतिभा को मिला सम्मान

विधायक डॉ. अग्रवाल ने हिमांशु की विलक्षण क्षमता और आत्मबल को सराहते हुए कहा, हिमांशु जैसे बच्चे हमारे समाज के लिए प्रेरणा हैं। इन्हें अगर सही संसाधन और अवसर मिले, तो ये न केवल अपने सपनों को साकार कर सकते हैं, बल्कि समाज में बदलाव लाने की क्षमता भी रखते हैं।

### शिक्षा और सहयोग का वादा

विधायक ने बताया कि हिमांशु वर्तमान में फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय, कर्मापटपर, बागबाहरा में छठी कक्षा में अध्ययनरत हैं। उन्होंने हिमांशु की शिक्षा और आवश्यकताओं के लिए पूर्ण समर्थन देने का वादा किया, ताकि वे अपने सपनों की उड़ान भर सकें।

# रायपुरा में अवैध निर्माण हटाया मालवीय रोड कब्जामुक्त कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सड़क यातायात बाधित कर रहे ठेला-गुमटियों को हटाया गया

टीम प्रहरी ने नगर निवेश विभाग के साथ शहर में शनिवार को पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान माधवराव सप्रे वार्ड के रायपुरा क्षेत्र में अवैध कब्जा हटाकर सुगम आवागमन का मार्ग प्रशस्त कराया। मालवीय मार्ग में अभियान चलाकर अवैध ठेला, गुमटी हटाये गये।

टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम ने जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम के साथ मिलकर जोन 8 क्षेत्र के अंतर्गत रायपुरा विप्र नगर में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की। जोन 4 नगर निवेश विभाग ने निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम के साथ मिलकर जोन 4 क्षेत्र अंतर्गत मालवीय रोड को अतिक्रमण मुक्त करने अभियान चलाया। इस दौरान सड़क यातायात बाधित कर रहे ठेला-गुमटियों को हटाया गया।




जोन 7 नगर निवेश विभाग ने निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर एसडीएम नंदकुमार चौबे, तहसीलदार प्रवीण परमार, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा की उपस्थिति में गोकुलनगर नया सवेरा स्कूल के पास अवैध रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगायी।

# तेलीबांधा तालाब के पास मिलेगी पार्किंग सुविधा, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा तालाब के पास अब शहरवासियों को सर्वसुविधा युक्त पार्किंग की व्यवस्था मिलेगी। इसका ट्रायल अनुबंधित एजेंसी ने शुरू कर दिया है। यहां 75 चारपहिया वाहनों की पार्किंग एक साथ की जा सकेगी। इस सुविधा के शुरू होने से मरीन ड्राइव ओर तेलीबांधा के री-क्रिएशन जोन में आने-जाने वालों को गाड़ियां सड़क पर पार्क नहीं करनी पड़ेंगी, बल्कि लोग इत्मीनान से नई पार्किंग में निर्धारित शुल्क देकर अपनी गाड़ियां पार्क कर सकेंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने की स्टोन इंफ्राबील्ड कंपनी के साथ 10 साल के लिए अनुबंध किया है। दरअसल, शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित मरीन ड्राइव इलाके में रोजाना सुबह से लेकर देर शाम तक परिवार के साथ लोगों की आवाजाही लगी रहती है। इसमें मार्निंग और इवनिंग वाक वालों के अलावा री-क्रिएशन जोन का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। अभी तक यहां पार्किंग की सुविधा नहीं होने से लोगों को सड़क किनारे दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया पार्क करनी पड़ती थी। इससे सुगम आवागमन में दिक्कत होती रही। यही नहीं, शहर का व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। इसे देखते हुए निगम की 1800 वर्गफीट जमीन पर स्मार्ट पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने स्मार्ट सिटी ने पीपीपी मोड पर की-स्टोन कंपनी के साथ अनुबंध किया है।

### निगम की फूटी कौड़ी खर्च नहीं हर साल जमीन का किराया मिलेगा

नगर निगम को इस कार्य में फूटी कौड़ी खर्च नहीं करनी पड़ी, बल्कि हर साल 16 लाख 65 हजार रुपए अनुबंधित कंपनी पार्किंग के एवज में जमीन का किराया भी निगम को देगी। शुरुआत में यहां 75 चारपहिया वाहनों की पार्किंग एक साथ की जा सकेगी। आने वाले दिनों में ईवी चार्जिंग क्षमता के साथ पार्किंग की सुविधा से इसे जोड़ा जाएगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि पीपीपी मोड पर पार्किंग सुविधा विकसित करने वाली कंपनी को शुरुआत में 10 साल के लिए पार्किंग संचालन का काम दिया जा रहा है। अनुबंध के मुताबिक कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर इसकी अवधि 10 साल के लिए बढ़ायी जा सकती है। पार्किंग व्यवस्था शुरू होने से तेलीबांधा सहित आसपास के कालोनी के रहवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। वहीं री-क्रियेशन परिसर के ग्राहकों तक सीधी पहुंच होगी।

## चैंबर और मेटा की वाट्स एप मार्केटिंग पर कार्यशाला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, जियो इंटरेक्ट और मेटा के संयुक्त तत्वावधान में सफल वाट्स एप मार्केटिंग और ऑटोमेशन चैंबर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्रदेश के व्यापारियों और उद्यमियों को डिजिटल युग में प्रतिस्पर्धी बने रहने और व्यवसाय की उन्नति लिए व्हाट्सएप के प्रभावी उपयोग को समझने में मदद करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को वाट्स एप बिजनेस प्लेटफॉर्म की विशेषताओं, व्हाट्सएप मार्केटिंग रणनीतियों, ग्राहक सहभागिता बढ़ाने के तरीकों से अवगत कराना था।



### भाजपाइयों ने किया रायपुर सांसद बृजमोहन का जोशीला स्वागत

**महासमुंद।** छग शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के महासमुंद प्रवास पर नगर पालिका कार्यालय के सामने नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के नेतृत्व में भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान उनके भारतीय खाद्य निगम छग के परामर्श दात्री समिति सदस्य बनने पर हर्ष जताया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, भाजपा शहर महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, राजेंद्र चंद्राकर, ग्रामीण उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर, पार्षदगण सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता तोंडेकर, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, प्रीति मक्कड़, चंद्रशेखर बेलदार, भारती चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, शुभ्रा शर्मा, पूर्व पार्षदगण मनीष शर्मा, प्रभा साहू, सुरिंदर चावला, उषा पाल, भाजपा पदाधिकारीगण अजय चोपड़ा, पांडुरंग मदनकार, रामेश्वर पटवा, शरद राव मराठा, मधु यादव, नईम खान, पूर्व सरपंच जितेंद्र चंद्राकर, समीर करकसे, गौरव राठी, रोशन बग्गा, सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार का 11 साल उपलब्धियों भरा : भाउराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने भाजपा के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने बताया कि 11 सालों में देश कई अहम फैसलों का गवाह रहा। जिसने जनता के मन में मोदी सरकार के प्रति भरोसे को बढ़ाया है। इसका असर बीते लोकसभा चुनावों में भी दिखा और जनता ने बीजेपी को देश की कमान फिर से सौंपने का फैसला सुनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सम्मान व देशवासियों के विकास के लिए दिन रात एक कर मेहनत किया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब आपरेशन सिंदूर के रूप में दिया। मोदी सरकार ने देश व देशवासियों के हित में इन 11 सालों में अनेक निर्णय लिए। वक्फ संशोधन बिल, मध्यम वर्गीय लोगों को टैक्स में राहत, 2026 तक नक्सलवाद के



सफाए का दृढ़ संकल्प, तीन नए आपराधिक कानून, एक राष्ट्र, एक चुनाव (वन नेशन, वन इलेक्शन), वीनस ऑर्बिटर मिशन के विकास को मंजूरी, वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवर का विस्तार, लद्दाख के लिए नए जिले, आईएनएस अरीघाट भारतीय नौसेना में शामिल किया। मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश ने बड़े फैसले लेकर राष्ट्र को मजबूत बनाया। जिससे उनकी लोकप्रियता आज शिखर पर है।

# खदान से 5500 में निकल रही हाईवा रेत बाजार में 22 हजार में बिक रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खदान से 55 सौ रुपए में प्रति हाईवा निकल रही रेत की कीमत बाजार में अब बढ़कर 22 हजार रुपए तक पहुंच गई है। रेत की कीमत पर नियंत्रण नहीं होने के कारण रेत के कारोबारी जहां मनमानी कीमत पर इसे बेच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एनजीटी के निर्देश के तहत 15 जून से देशभर की रेत खदानों में उत्खनन पर रोक लग जाएगी। इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलों में भी आदेश जारी किया जाना है, लेकिन रोक लगने के एक दिन पहले तक रायपुर जिला में इस संबंध में कोई आदेश जारी नहीं हुआ है, जिसके कारण प्रतिबंध लगने के बाद भी खदानों में रेत का जमकर उत्खनन का काम चलता रहेगा।

***दो सप्ताह में रेत की कीमत 7 हजार बढ़ी :*** 50 रुपए प्रति घन मीटर की दर से खदान से रेत का उत्खनन कर परिवहन किया जाता है। इस तरह प्रति हाईवा रेत लगभग 55 सौ रुपए की दर से खदान से निकल रही है, जिसे आम लोगों को ज्यादा से ज्यादा 6 से 7 हजार रुपए की कीमत पर मिलना चाहिए, लेकिन रेत के ठेकेदार और कारोबारी मनमानी कीमत पर इसे बेचते आ रहे हैं। हर साल 10 से 15 जून से लेकर 10-15 अक्टूबर के बीच रेत खदानों में उत्खनन पर रोक लगाई जाती है। यह रोक राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा मानसून के मौसम में पर्यावरण की सुरक्षा और नदियों में पानी के बहाव को बनाए रखने के लिए लगाई जाती है। इस रोक के कारण करीब साढ़े चार महीने तक खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध रहता है, जिसके कारण बाजार में रेत की किल्लत भी रहती है। इसका फायदा खदानों के ठेकेदार और रेत के कारोबारी उठाते हैं। यही कारण है कि पिछले दो सप्ताह में रेत की कीमत में सात हजार रुपए की बढ़ोतरी हुई है।

### आधा दर्जन से अधिक खदानें अवैध रूप से चल रही

जिले में रेत की 8 खदानें वैध रूप से संचालित है। इन खदानों के ठेकेदारों को पर्यावरण विभाग से एनओसी जारी किया जा चुका है, लेकिन इन खदानों के अलावा अवैध रूप से आधा दर्जन से अधिक खदानें संचालित हो रही हैं। इन खदानों में रेत माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से रेत का उत्खनन कराया जा रहा है। इनमें पारागांव आरंग, जौरा, समोदा सहित अन्य खदानें शामिल है।



### सप्लाई धीमी की भंडारण में जुटे ठेकेदार

जिले में वैध रूप से संचालित रेत खदानों के ठेकेदार जून माह शुरू होते ही रेत की सप्लाई धीमी कर भंडारण करने में जुट गए हैं। ठेकेदार ज्यादा से ज्यादा रेत का भंडारण कर रहे हैं, ताकि प्रतिबंध लगने के दौरान साढ़े चार महीने में वे दोगुनी कीमत पर रेत बेचकर जमकर मुनाफा कमा सके। पिछले साल बारिश के दिनों में जिले में रेत की कीमत 32-34 हजार रुपए हाईवा तक पहुंची थी, जो इस बार भी पहुंचने की संभावना है।

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025

मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने... 14



सोरिम सिंघी में नवीन शिक्षा सत्र की तैयारी के लिए हुई... 14





## खबर संक्षेप

### स्कूटी की टक्कर से महिला की मौत

**महासमुंद।** सड़क क्रॉस कर रही एक महिला को स्कूटी चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पिथौरा थाने में प्रार्थी देवकृष्ण पाणिग्राही निवासी लहरौद ने बताया कि 13 जून की रात 7.45 बजे वह अपने परिवार के साथ खाना खाने अवतार ढाबा गये थे व अवतार ढाबा के सामने बांयी ओर अपनी कार को खड़ी कर रोड क्रास करते समय पिथौरा से सांकरा की ओर जा रही एक स्कूटी एक्टिवा क्र. सीजी 06 जीडब्लू 6009 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर अपने वाहन से उसकी मां तिलेंद्री पाणिग्राही को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में हो गई निजी नर्सिंग होम राजासेवैया में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना और सांकरा पुलिस ने शराब पिलाने की सुविधा प्रदान करने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।



बसना पुलिस ने बताया कि 14 जून को ग्राम भालूपतेरा का सालिकराम बंजारा अपने ठेले के सामने लोगों को बिठाकर अवैध रूप से शराब पिला रहा है एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी सालिकराम बंजारा के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह सांकरा पुलिस ने बताया कि ग्राम भतकुंदा में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के सामने में लोगों को शराब पीने पिलाने का साधन उपलब्ध कराने की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी लखन लाल बर्मन पिता धरमदास बर्मन (55 साल) भतकुंदा के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम दुर्गापाली तालाब के पास शराब लेकर ग्राहक तलाश रहे व्यक्ति पर सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम दुर्गापाली तालाब के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब रख कर बिक्री करने ग्राहकों का तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी डिगलाल पटेल पिता छबिलाल पटेल (39 साल) दुर्गापाली के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

27 को दर्शन देने निकलेंगे महाप्रभु

# जगन्नाथ स्वामी बीमार, आयुर्वेदिक काढ़ा से होगा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्णिमा पर बुधवार को भक्तों द्वारा सहस्त्रधारा स्नान कराए जाने के बाद से भगवान जगन्नाथ बीमार हो गए हैं। स्वास्थ्य लाभ के लिए पंचमी 16 जून से सेवायत आयुर्वेदिक पद्धति से उनका उपचार करेंगे। महाप्रभु के बीमार हो जाने के बाद से ही मंदिर के पट बंद हो गए हैं। अब 26 जून को नेत्रोत्सव के साथ भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होंगे और दूसरे दिन 27 जून को भक्तों को दर्शन देने रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

श्रीराम जानकी मंदिर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के पंडित नारायण दास वैष्णव ने बताया कि महास्नान के बाद बीमार हुए भगवान को स्वस्थ करने दवा स्वरूप काढ़ा के साथ ड्रायफ्रूट उन्हें भोग में अर्पित किया जाएगा। बीमार भगवान जगन्नाथ भले ही भक्तों को दर्शन नहीं दे रहे। लेकिन विश्राम कक्ष में रविवार से भगवान जगन्नाथ की नियमित सेवा की जाएगी। भगवान को दालचीनी, जावित्री, कालीमिर्च, लौंग, इलायची का काढ़ा अर्पित किया जाएगा। ये सारी सेवाएं स्कंद पुराण के उत्कल खंड में जो नियम बताए गए हैं, उसके अनुसार ही चलती हैं। पुजारी ने बताया कि भगवान जगन्नाथ के बीमार होने के बाद 15 दिनों के लिए मंदिर के पट बंद हैं।



जो सीधे 26 जून को नेत्रोत्सव के साथ महाप्रभु स्वस्थ होंगे और दूसरे दिन अलसुबह मंगला आरती के साथ ही भक्तों के लिए मंदिर के पट खुलेंगे और उसके बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बड़े भैया बलराम के साथ रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने स्वयं नगर भ्रमण पर जाएंगे।

### 6 जुलाई को बहुड़ा यात्रा

पौराणिक कथा के अनुसार नगर भ्रमण के बाद वे अपनी मौसी के यहाँ विश्राम करने जाएंगे। जिस दिन भगवान भक्तों को दर्शन देंगे उस दिन को लोग रथयात्रा पर्व के रूप में मनाते हैं। रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। 6 जुलाई को भगवान अपने मौसी के घर से वापस मंदिर आएंगे जिसे बहुड़ा यात्रा पर्व के रूप में मनाया जाएगा। श्री वैष्णव ने बताया कि मंदिर पहुंचने के बाद भगवान सो जाएंगें, इसके बाद कोई मांगलिक कार्य नहीं होगा।

**शिक्षा सत्र:** सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक नवप्रवेशी बच्चों का शोरगुल

# आज से स्कूलों की लौटेगी रौनक, गूंजेंगे ज्ञान के स्वर, शाला प्रवेश उत्सव से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के स्कूलों में एक बार फिर आज से रौनक लौटने जा रही है। आज से शाला प्रवेश उत्सव के साथ नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। स्कूलों में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक नवप्रवेशी बच्चों का शोर रहेगा। इसके पहले स्कूलों में नवप्रवेशियों का स्वागत के साथ उन्हें किताबें और शाला गणवेश दिए जाने की तैयारी है। लेकिन, गणवेश का एक ही सेट पहुंचा है और प्राथमिक की लगभग सभी किताबें पहुंच चुकी है वहीं माध्यमिक की आधी अधूरी किताबें संकुलों में भेजे जाने की जानकारी मिली है। बता दें कि छठवीं कक्षा का एक ही विषय, सातवीं 4 विषय तथा आठवी कक्षा की एक ही विषय की किताब पहुंच पाई है। और लगभग जिले के सभी संकुलों में यही हाल है।

जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने बताया कि इस बार पुस्तकों का वितरण स्कैनिंग और स्कूल की सील के बाद ही किया जाएगा। स्कूलों में मरम्मत, रंगाई-पुताई, खराब हो चुके बिजली-नल फिंटिंग आदि व्यवस्था दुरुस्त रखने निर्देशित किया गया है। यूनीफॉर्म संकुल केंद्र से स्कूलों में दे दिए गए हैं। पहली से आठवीं तक की पाठ्य पुस्तकें भी जल्द ही पहुँच जाएगी।



## दावा-सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त लेकिन, हकीकतः अब तक जो किताबें पहुंची वो भी अधूरी

### तिलक के साथ होगा स्वागत

ग्रीष्मकालीन छुट्टी के 50 दिन बाद सोमवार से एक बार फिर स्कूलों में रौनक लौटने वाली है। शिक्षण सत्र 2025-26 की 16 जून से शुरूआत होने वाली है। इस दिन शासकीय स्कूलों में बच्चों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा।

### स्वागत ऐसा हो कि बच्चे स्कूल को घर समझें

अफसरों के साथ संबंधित स्कूलों के शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रवेशोत्सव सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि बच्चों के स्वागत का उत्सव है। स्कूलों की साफ-सफाई कर स्वच्छ और आकर्षक वातावरण तैयार रहे। ताकि नवप्रवेशी बच्चे स्वयं को सम्मानित और सहज महसूस करें। तिलक लगाकर उनका स्वागत हो और सामाजिक भागीदारी के साथ न्योता भोज का आयोजन भी हो।

### संकुल केंद्र पहुंचा एक सेट यूनीफॉर्म

जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार नए शिक्षण सत्र की शुरूआत से पहले जिले के सभी 184 संकुल केंद्र में अलग-अलग साईज के 1 लाख 20 हजार 629 सेट यूनिफार्म पहुंचाए जा चुके हैं। इनमें महासमुंद ब्लॉक में 28864, बागबाहरा में 20261, पिथौरा में 11896, बसना में 23958 और 19495 सेट भेजे जा चुके हैं।

### अधूरी किताबें ही पहुंची अब तक

शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए शिक्षा विभाग ने पहली से आठवीं तक के लिए 1 लाख 38 हजार 466 सेट पाठ्यपुस्तकों की मांग के विरुध्द भेजी गई किताबों में अधूरी किताबें ही वितरित हो पाएंगे। छठवी, सातवी व आठवी के चुनिंदा विषयों की किताबें ही संकुलों में पहुंची है। पहली से दसवीं तक की पाठ्य पुस्तकों में एक यूनिक नंबर और बारकोड होगा। इस बारकोड को स्कैन करते ही पता चल जाएगा कि उक्त पुस्तक किस विद्यालय की है।

### कोई शाला एकल शिक्षक और शिक्षक विहीन नहीं होने का दावा

जिले के 1276 प्राथमिक शाला, 492 पूर्व माध्यमिक, 62 हाईस्कूल व 126 हायर सेकेंडरी स्कूल हैं। राज्य सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के पश्चात जिले की प्राथमिक शालाओं में 444, पूर्व माध्यमिक शालाओं में 146 शिक्षक अतिशेष जो वर्षों से स्कूलों में डटे रहे। इसके अलावा हाई व हायर के भी 110 व्याख्याता एवं सहायक शिक्षक कुल 700 अतिशेष थे। युक्तियुक्तकरण के तहत इन सभी 700 शिक्षकों को समायोजित किया गया। इस तरह जिले में 17 शालाओं का समायोजन किया गया है। जिसके बाद से ही जिले में अब एक भी शाला एक शिक्षक व शिक्षकविहीन नहीं रह गया है।

घर के सामने चावल, सिंदूर नींबू रखना हुआ रिकॉर्ड

# फुटेज डिलीट करने की बात को लेकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

घर के सामने चावल, सिंदूर और नींबू रखने का सीसीटीवी फुटेज डिलीट करने की बात को लेकर एक व्यक्ति के साथ चार लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 जून को छिपियापारा निवासी विक्की महानंद पिता राधेश्याम महानंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर में सीसीटीवी लगा है, जिसमें घर के आसपास की गतिविधियां रिकार्ड होती है, जिसकी जानकारी आसपास के लोगों को भी है।



7 जून की रात्रि करीब 11:08 बजे पड़ोस की गीतांजलि सेठी के घर के सामने कोई व्यक्ति चांवल, सिंदूर, आधा कटा हुआ नींबू रख दिया। जिसकी जानकारी गीतांजली सेठी ने प्रार्थी विक्की महानंद को दी। जिसे सीसीटीवी फुटेज दिखाए जाने पर फुटेज में पड़ोस की रहने वाली महिला मंजू यादव के रुप में शिनाख्त हुई। इसके बाद 8 जून को करीबन 12 बजे मोहन यादव प्रार्थी के घर पहुंचा और सीसीटीवी फुटेज को डिलीट करने धमकाते हुए झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। 09 जून को सुबह करीब 10 बजे मोहन यादव घर के बाहर बुलाया तब प्रार्थी की बहन अनिता और सुनिता महानंद घर से बाहर निकली तो आरोपी मोहन यादव, सोनिया यादव, विकास यादव एवं मंजू यादव द्वारा फुटेज डिलीट नहीं कर रहे हो कहते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। जिसके पश्चात प्रार्थी के छोटे भाई को बुलाया, तो उसके साथ भी सभी लोगों ने मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। मामले में प्रार्थी के छोटे भाई को गंभीर अवस्था में अकाल पुरख हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# कसेकेरा विद्यालय में संभागायुक्त ने शाला प्रवेश उत्सव तैयारी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव (कोमाखान)

## विद्यालय में तैयारी देख खुश हुए आयुक्त, शिक्षकों से ली जानकारी

रायपुर संभाग आयुक्त एमडी कावरे ने शाला प्रवेश उत्सव 2025 के पूर्व विद्यालय की तैयारी देखने बागबाहरा ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल, उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय कसेकेरा का अवलोकन किया। प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश की तैयारी के लिए कक्षा प्रबंधन बैठक व्यवस्था का जायजा लिया। मिडिल स्कूल के अवलोकन में प्रधान पाठक डा विजय शर्मा द्वारा विद्यालय खुलने के पूर्व की तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने आईसीटी कक्षा स्मार्ट क्लास, बालिकाओं के लिए विशेष रेस्ट रूम, सामुदायिक सहयोग की पुस्तकालय, पोषण वाटिका, लर्निंग स्टेशन, नर्सरी, पहाड़ी पर चल रहे पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के लिए विद्यालय में चल रहे गतिविधियों की जानकारी ली। पहाड़ी का अवलोकन भी किया। विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं की प्रशंसा करते हुए समुदाय को जोड़ने को कहा। उन्होंने मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, शौचालय स्वच्छता एवं गणवेश की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। हायर सेकेंडरी विद्यालय बकमा एवं कसेकेरा में पाठ्य पुस्तक स्कैनिंग की जानकारी प्राचार्य पवन चक्रधारी एवं कुश साहू ने दी। संकुल में पाठ्यपुस्तक गणवेश वितरण, विद्यालय व्यवस्था के संबंध में संकुल समन्वयक मनीष अवसरिया ने जानकारी दी। प्राथमिक विद्यालय कसेकेरा में बच्चों के अध्यापन के लिए टीएलएम के प्रयोग के बारे में प्रधान पाठक अर्चना चंद्राकर से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि 16 जून से कक्षा प्रारंभ करने, समय सारणी, दैनंदिनी एवं सभी रिकार्ड दुरुस्त हो। उनके साथ अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू, डीएमसी रेखराज शर्मा, बीईओ केके वर्मा, एबीओ रमता डे, बीआरसी भूपेश्वरी साहू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



लंबी जांच प्रक्रिया के बाद यह कार्रवाई, चार और शिक्षक जांच के घेरे में

# फर्जी दस्तावेज़ से पदोन्नति लेने वाले शिक्षक की प्रोन्नति रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्रमोशन लेने वाले शिक्षक दिनेश कुमार प्रधान पर आखिरकार कार्रवाई हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने जांच के बाद शिक्षक का पदोन्नति आदेश निरस्त कर दिया है। लंबी जांच प्रक्रिया के बाद यह कार्रवाई हुई है।

मिली जानकारी अनुसार, दिनेश कुमार प्रधान वर्ष 2010 में विकासखंड बसना के शासकीय प्राथमिक शाला पितईपाली में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उस समय गंभीर बीमारी के चलते उन्होंने स्वयं के व्यय पर चिकित्सा आधार पर स्थानांतरण लेकर पिथौरा विकासखंड के प्राथमिक शाला श्रीरामपुर में पदस्थापना ली थी। नियमानुसार, इस प्रकार के स्थानांतरण के बाद वरिष्ठता समाप्त मानी जाती है। जिसके बाद वर्ष 2022 में जब पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हुई, तब दिनेश कुमार प्रधान ने अपने पुराने स्थानांतरण आदेश में प्रशासनिक स्थानांतरण का उल्लेख करते हुए कूटरचना की। इस फर्जी दस्तावेज़ के आधार पर उन्हें प्रधान पाठक का पद मिल गया। मामले की शिकायत मिलते ही शिक्षा विभाग ने गंभीरता से जांच शुरू की। जांच के विभिन्न चरणों में यह स्पष्ट हुआ कि स्थानांतरण आदेश में फेरबदल की गई है, जो कि फर्जी है। जांच टीम ने बसना के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एचआर बघेल का बयान भी दर्ज किया, जिन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसा कोई प्रशासनिक आदेश जारी नहीं किया गया था। वहीं दिनेश कुमार प्रधान जांच में संतोषजनक उत्तर देने में विफल रहे। मामले की पुष्टि होने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक की पदोन्नति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया।


हरिभूमि
अनदेखी : जांच में दोषी पाए जाने के बावजूद शिक्षक पर नहीं हुई कार्रवाई
फर्जी दस्तावेज़ों से पदोन्नति पाने वाले शिक्षक पर कार्रवाई नहीं, आक्रोश


हरिभूमि
कूटरचना कर एचएम पद पर पदोन्नति, पांच शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

इस पूरे मामले में हरिभूमि समाचार पत्र की भूमिका उल्लेखनीय रही। फर्जी दस्तावेज़ों से जुड़ा यह मामला जब लगातार समाचारों के माध्यम से उजागर हुआ, तब शिक्षा विभाग ने गंभीरता दिखाई और जांच प्रक्रिया को गति मिली। आखिरकार सत्य उजागर हुआ और नियमों के विरुद्ध की गई पदोन्नति को रद्द कर न्याय की स्थापना हुई।

### अन्य चार शिक्षकों पर भी फर्जीवाड़े के आरोप, जांच की जद में

दिनेश कुमार प्रधान के बाद अब पिथौरा विकासखंड के चार और शिक्षकों गौरी नायक, जयलाल भोई, नारायण सिदार और अभिमन्यु सिन्हा पर भी प्रमोशन में फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप लगे हैं। इन शिक्षकों पर वरिष्ठता सूची में कूटरचना कर अवैध रूप से पदोन्नति प्राप्त करने का संदेह है। शिक्षा विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक के जाँच में सामने आया कि पदोन्नति के समय इन्होंने स्वयं को वरिष्ठ दर्शाने के लिए दस्तावेजों में हेरफेर और फर्जीवाड़ा किया है।

### नोटिस हुआ जारी, मांगा जवाब

शिक्षा विभाग ने इन चारों शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो जांच के आधार पर जल्द ही इनके खिलाफ भी डिमोशन की कार्रवाई की जा सकती है। यह मामला केवल एक शिक्षक तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब एक बड़े घोटाले का रूप लेता दिख रहा है, जिसे लेकर शिक्षा विभाग अब पूरी सतर्कता से जांच कर रहा है। और जल्द ही इन चारों शिक्षकों के ऊपर प्रशासनिक कार्रवाई कि गाज गिर सकती है।

# राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप कोच्चि केरल में जिले के 2 खिलाड़ी शामिल

**महासमुंद।** अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन कोच्चि केरल में 12 से 15 जून 2025 तक आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका टीम में महासमुंद जिले से शुभम तिवारी एवं श्रेया घोष शामिल है। छत्तीसगढ़ टीम का चयन पंत स्टेडियम भिलाई में 28 मई 2025 को आयोजित चयन ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। भारतीय टीम में चयनित होकर दिव्या रंगारी का बेहतर प्रदर्शन कर इंडिया टीम के लिए खेलना, साईं सेंटर में हिमांशु सिंह का चयन, खेल अकादमी में चयन, जिले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन एवं ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, नियमित अभ्यास से खेलों में सुधार होने से खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने के साथ ही पदक जीतने में सफल हुए हैं।



### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी उपेंद्र यादव पिता लालमन यादव (32 वर्ष) वार्ड नं 07 बागबाहरा के कब्जे से 21 नग देशी प्लेन शराब (रोमियो) कुल 3.780 एमएल कीमत 1680 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ख) आब. एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

**खबर संक्षेप**

### एडीईओ की भर्ती परीक्षा हुई

**झलप।** छत्तीसगढ़ व्यापमं की सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) की भर्ती परीक्षा रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल झलप में शांति पूर्वक हुई। जिसमें 300 में से 199 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा के लिए केंद्राध्यक्ष लक्ष्मी सिदार और आबजर्वर पटेल समेत 25 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### महांती समाज का स्वर्ण जयंती समारोह 23 को

**महासमुंद।** छग करण महांती समाज की एक बैठक 12 जून को हुई। जिसमें 23 जून को समाज गठन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर भवन संजय कानन के बाजू में स्थित सभागार में किया जाएगा। जिसमें गत 50 वर्षों की उपलब्धियां एवं समाज के भूतपूर्व अध्यक्षों एवं समाज के गौरव सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में महांती समाज तारिणी महिला मंच व युवा मंच के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## कार्यशाला : पिथौरा में भाजपा की संकल्प से सिद्धि कार्यशाला हुई

# मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर देशभर में आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के अंतर्गत पिथौरा मंडल में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा के विभिन्न मंडलों व बूथों से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल, मुख्य वक्ता एवं पूर्व जनपद पंचायत बागबाहरा अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद तथा बागबाहरा मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव द्वारा दीप प्रज्वलन कर भारत माता एवं भाजपा के महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि कार्यशाला की भावना को शक्तिकेंद्रों और बूथ स्तर तक पहुंचाएं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर जो कार्यक्रम हमको प्रदेश व जिले से मिले है उन सभी कार्यक्रमों को शत प्रतिशत मंडल में फिर शक्ति केंद्रों तथा बूथ में जाकर मानना है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा नेता विक्की सलूजा और आभार प्रदर्शन मंडल कोषाध्यक्ष राजेश चौधरी ने किया।

मुख्य वक्ता स्मिता चंद्राकर ने मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे उज्वला, आयुष्मान, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि का उल्लेख किया। कार्यशाला में मंडल महामंत्री जतीन ठक्कर, किरन दुलीकेशन साहू, वरिष्ठ नेता रैदास गोयल, वेदप्रकाश गोयल, सीताराम सिन्हा, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मधुरिमा पांडे, पद्मिनी चौधरी, पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, रामकंवर सिन्हा, पूर्व महामंत्री उषा श्रीवास्तव, स्वेता प्रसाद, डॉ. संजय गोयल, विजय नायक, दुर्गेश सिन्हा, बबलू सोनी, शिवचरण नायक, प्रेम प्रधान, जीतेंद्र गुप्ता, प्रियांशु दीक्षित, पुष्पराज गजेंद्र, शिवकुमार पटेल,

## मोदी सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल देश की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में रहा विफल : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



खल्लारी विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश की जनता के अपेक्षाओं को पूरा करने में विफल बताया। उन्होंने दावा किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति, अर्थ व्यवस्था, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, महंगाई आदि मुद्दों पर सरकार की नीतियों से देश की जनता को केवल निराश किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार भी हर मोर्चे पर विफल हो रही है। उन्होंने कहा कि किसानों से पहले प्रशासन के माध्यम से रबी फसल लेने से रोकने का प्रयास किया गया, किसान नहीं माने तो अघोषित विद्युत कटौती कर रबी फसल लेने से रोका गया, जिससे किसानों के रबी फसल को बड़े पैमाने पर क्षति पहुंची। शासन के गलत नीतियों के कारण रबी फसल का उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण किसान कर्ज तले दबते जा रहे है। साय सरकार किसानों की समस्या व पीड़ा नहीं समझ पा रही है। रोजगार के सारे अवसर बंद किए जा रहे है, यहां तक निजी क्षेत्रों में भी रोजगार उपलब्ध नही है। बेरोजगारी का आलम अपनी चरम सीमा पर है। पढ़ लिखकर नौजवान सड़क पर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में लगातार कानून व्यवस्था बिगड़ रही है, क्राइम रिकॉर्ड सर चढ़ कर बोल रहे है। शिक्षा नीति के कारण शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्था में भी किसी प्रकार का सुधार होते नहीं दिख रहा है। महंगाई अपने चरम सीमा पर है। जिसके कारण आम जनता आर्थिक बोझ तले दबते जा रही है। छत्तीसगढ़ की सभी संपदा पर भाजपा सरकार के उद्योगपति मित्रों के नज़र में है, उन्हें बंदरबांट कर संपदा का मालिक बनाया जा रहा है। देश की एकता और अखंडता के लिए पूरे देश वासी एक है और एक रहेंगे। ऑपरेशन सिंदूर देश की सेना की सफलता है और इस एयर स्ट्राइक का समर्थन सभी देशवासियों और दलों ने किया है।

## आधार-आधारित उपस्थिति प्रणाली को जल्द लागू करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा नेता अशवंत तुषार साहू ने

- **विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से तुषार साहू ने की मुलाकात**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को पत्र लिखकर सरकारी दफ्तरों में देरी से पहुंचने वाले अधिकारी-कर्मचारी के ऊपर कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा कि राज्य सरकार ने कार्यालयीन अनुशासन सख्त करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जाना चाहिए, सभी सरकारी कर्मचारियों को सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित हो।

तुषार ने कहा कि शासन आदेशों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लोकहित में कार्यालयीन कार्यों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए सभी शासकीय/अशासकीय (नियमित, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी) अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आधार-आधारित उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य रूप से जल्द लागू किया जाना चाहिए, इसके अंतर्गत सभी कर्मचारियों को प्रतिदिन निर्धारित समय पर अपने मोबाइल फोन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण द्वारा उपस्थिति एवं प्रस्थान दर्ज करना अनिवार्य होना चाहिए।

# भाजपा मंडल केदुवां में हुआ संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम

**सरायपाली (ग्रामीण)।** भाजपा मंडल केदुवां के बाजार परिसर केदुवां में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम अंतर्गत विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के बेमिसाल 11 साल के विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं छग राज्य महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं मंडल प्रभारी विपिन उपवेजा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा पिव मोर्चा राजेंद्र नायक, विधानसभा कार्यक्रम संयोजक स्वर्ण सिंह सालूजा, युवा भाजपा नेता प्रमोद सागर का विशेष मार्गदर्शन मिला।

प्रमुख वक्ताओं ने केन्द्र सरकार और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेमिसाल 11 साल कार्यकाल के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मोदी द्वारा भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को सकार करने के लिए अंतिम से अंतिम छोर तक प्रत्येक योजनाओं को प्रत्येक गांव प्रत्येक घर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। देश के प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय डबल इंजन सरकार की प्रत्येक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए सभी वर्गों को प्रेरित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प से सिद्धि तक पहुंचने के लिए संकल्पित होने की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष दंडधर साव, महामंत्री द्वय सुरोतीलाल लकड़ा, प्रमोद पटेल, कार्यक्रम संयोजक उत्तर निषाद, सह संयोजक लालकुमार पटेल, उपाध्यक्ष रुपलाल नंद, मंत्री अमृतो राणा, कोषाध्यक्ष जागेश्वर चंद्रा, मीडिया प्रभारी मनबोध मिरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता कोमल नायक, अंगद साहू, मुरलीधर पटेल, कृषि साख सहकारी समिति प्रधिकृत अध्यक्ष द्वय शरद पटेल, नेपाल साहू, बनित सिदार, श्याम साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधिद्वय लीलांबर दीवान, अर्जुन बसंत, हेतराम पटेल, गौरीशंकर पटेल, त्रिलोचन साहू, सुनील सोनी, जयप्रकाश चौधरी, बसंत पटेल, भूमिराम साव, कुमार दीवान, महारथी चौहान, राजेश पटेल, बृजलाल जायसवाल, भंवरलाल राणा, खेमराज साहू सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बंशीधर साहू एवं आभार व्यक्त पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय डडसेना ने किया।

# शहर के सभी वार्डों में पार्षद रोपेंगे 50-50 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू

- **नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई समस्त पार्षदों की बैठक**

की अध्यक्षता में समस्त पार्षदों की बैठक अध्यक्ष कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें शहर विकास के लिए सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए रूपरेखा तैयार की गई।



नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने बैठक में पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने-अपने वार्डों के संभावित विकास कार्यों का प्लान तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें। मूलभूत से लेकर निर्माण तथा जीर्णोद्धार संबंधित कार्य तत्काल कराए जाएंगे। इस अवसर पर सभी वार्डों में 50–50 पौधे लगाने की जिम्मेदारी वार्ड पार्षदों को दी गई। नपाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी की संयुक्त पहल हरियर महासमुंद बनाने की दिशा में बेहतर प्रयास हो सकता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षदगण जय देवांगन, राहुल आवड़े, बबलू सूरज नायक, ओमिन कागजी, कल्पना सूर्यवंशी, ईश्वरी भोई, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, भाऊ राम साहू, पीयूष साहू, गुलशन साहू, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, रिंकू चंद्राकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित में न्याय संगत नहीं है फैसले: प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला लघु वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष प्रमोद सेवनलाल चंद्राकर ने बताया कि राज्य संघ द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों (छात्र-छात्राओं) के लिए संचालित मेधावी, प्रतिभाशाली, व्यावसायिक एवं गैर व्यावसायिक शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रतिभाशाली शिक्षा अनुदान राशि भुगतान के लिए कक्षा 10वी एवं 12वी में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक के स्थान पर 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले को लाभ दिए जाने का निर्णय संघ मुख्यालय के संचालक मंडल में लिया गया है, जो कि पूर्णतः दोषपूर्ण है। लिए गए फैसले किसी भी दृष्टि से तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित में न्याय संगत नहीं है। तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार ज्यादातर ग्रामीणों एवं वनांचल क्षेत्रों में रहते है, जहां शिक्षा सुविधाएं सीमित है। ऐसे में 75 प्रतिशत अंक लाना भी उनके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन राज्य वनोपज संघ के मनोनीत संचालक सदस्यों द्वारा 90 प्रतिशत की अंक वृद्धि ने छात्रवृत्ति को लगभग उन ग्रामीण वनांचलों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को लाभांवित होने से बाहर कर दिया है। वन विभाग में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी के बच्चे भी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में असमर्थ हो जाते है, जबकि समस्त सुविधाओं में पलते-बढ़ते है और अच्छे स्कूलों में अध्ययनरत होते है। अतः उक्त निर्देश को निरस्त कर पुनः 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को शिक्षा अनुदान योजनांतर्गत पात्र किये जाने हेतु तत्काल निर्देश जारी करें।



## गुड़रूपारा के राशन दुकान में मनाया चावल उत्सव

**महासमुंद।** शहर के वार्ड नंबर 18 गुडरूपारा स्थित सार्वजनिक राशन वितरण केंद्र में चावल उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नं. 18 पार्षद माधुरी धनीराम यादव, पूर्व पार्षदगण चंद्रशेखर जलक्षत्री उपस्थित होकर बीपीएल एवं एपीएल राशन कार्डधारियों को एक साथ तीन माह का राशन वितरण किए।

# सोरिम सिंघी में नवीन शिक्षा सत्र की तैयारी के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संकुल केंद्र सोरम सिंघी में विभिन्न शालाओं के प्रधान पाठक संकुल प्राचार्य निराला एवं संकुल समन्वयक पीतांबर राव पाठक की उपस्थिति में आगामी शिक्षण सत्र 2025 -26 की तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रवेश उत्सव की तैयारी, गणवेश वितरण, पाठ्य पुस्तक स्कैनिंग, एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत समस्त स्कूलों में पौधारोपण करना एवं ऑनलाइन एंट्री यू डाइस में विद्यार्थियों का शत प्रतिशत प्रोग्रेशन करना, शाला खुलने के पूर्व शाला परिसर, शौचालय की की सफाई, भवनों का मरम्मत एवं रंग रोगन पूर्ण करना, सभी शिक्षकों को नियमित एवं समय पर उपस्थित होना,



शिक्षक डायरी, समय सारणी, पाठ्य पुस्तक अनुसार अध्यापन कार्य, अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को प्रारंभ करना, शाला विकास योजना एवं अन्य विभाग योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित करना आदि विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य रामू उदास निराला ने कहा कि जन सहयोग जनप्रतिनिधियों की सहभागिता बढ़ाएं एवं प्रवेश उत्सव के दिन नेवता भोजन का आयोजन करें। बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश हो। इस अवसर पर प्रधान पाठक हरिहर ध्रुव, लोकेश्वर मोगरे, दौलत राम निषाद, रोहित पटेल, तुलसीराम नेताम, देवनाथ पटेल एवं सचिन उपस्थित थे। उक्त जानकारी संकुल समय पीतांबर पाठक ने दी।

# मोदी के 11 साल के सेवा कार्यों और उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाएंगे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

रविवार को भाजपा के बागबाहरा शहर मंडल के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष डिंपल डाली ध्रुव ने किया। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के 11 साल के कार्यकाल में किए गए कार्यों और उपलब्धियों पर चर्चा की गई और उनके नेतृत्व में देश की प्रगति के बारे में विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर लोगों ने पीएम मोदी के प्रति अपना समर्थन और आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संदीप दीवान ने प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिनमें आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, मुद्रा योजना से 8 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ, मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत से मुफ्त इलाज, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को आवास, उज्वला योजना के अंतर्गत 10 करोड़ परिवार को गैस कनेक्शन, 12 करोड़ शौचालय, 745 फास्ट ट्रैक कोर्ट, भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति, बीएनएस को लागू करना, अनुच्छेद 370 का निरस्तीकरण, किसानों सम्मान निधि के तहत 13 करोड़ प्रत्येक किसानों को हर साल 6000 रुपए से सम्मानित करना, ट्रिपल तलाक कानून और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में अग्रणी होना शामिल हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में गुलामी की मानसिकता को छोड़कर देश की भाषा और स्थानों पर गर्व करना, परिवारवाद से मुक्ति, संविधान का सम्मान, धर्म के आधार पर आरक्षण पर रोक, राज्यों की विकास से देश का विकास और एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना पर भी चर्चा की गई।

मंडल के मीडिया प्रभारी डेविड कुमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने मोदी के इन कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया और उनके नेतृत्व में देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें स्मिता चंद्राकर, आबिद कुरैशी, बाल चंद्राकर, प्रेम साहू, नरेंद्र बग्गा, हेमंत तिवारी, अतुल गंडेचा, अरविंद छाबड़ा, नारायण तांडी, तुकाराम चंद्राकर, अशोक दीप, सविता दीवान, मदनलाल देवांगन, संजय मालवे, मोती पुजारा, सोहन साहू, दुर्गा वस्त्रकार, सिकंदर सोनवानी, बृजेश गुप्ता, भोजनाथ देवांगन, अजीत तांडी, गंगाराम यादव, राजा देवांगन, योगेश चिन्दा, सरपंच गोवर्धन पटेल, छेदूराम चक्रधारी, कृष्णा चक्रधारी, बाबूलाल चक्रधारी, ओमप्रकाश साहू, मान सिंह ध्रुव, तीजमती दीवान, मोतीम यादव, गोमती यादव, भारती साहू, दुलारी चंद्राकर, नामदेव निषाद, दिनेश विशाल, सेवक राम पटेल, लखनलाल पटेल, मोहन ठाकुर, पिंटू साहू सहित कार्यकर्ता शामिल हुए।

